SHRI SUBRAMANIAN SWAMY (Uttar Pradesh): Madam, before the Home Minister starts, I would like to say something on the Kashmir issue.

THE DEPUTY CHAIRMAN: After Mr. Paswan.

श्री ब्रह्मदेव आनन्द पासवान (बिहार): उपसभापति महोदय, मेरा जो प्रश्न है, जो मैं उठाने जा रहा हूं यह बिहार का एक बहुत बड़ा मुद्दा आज की वर्तमान स्थिति में है। उसके पहले देश का जो मुद्दा है, मैं चाहता हूं एक मिनट में उसको कह दूं, कि आज देश भर में पत्रकारों एवं समाचार-पत्रों की हड़ताल का है।

उपसभापति: वह हो गई बात।

श्री ब्रह्मदेव आनन्द पासवान: मैडम, पहले देश का मुद्दा तब बिहार का मुद्दा।

उपसभापति: नहीं, नहीं। ऐसा नहीं चलता। इस हाऊस में .....(**व्यवधान**).... पासवान जी, प्लीज।

श्री ब्रह्मदेव आनन्द पासवान: मैडम, आज यह लोकसभा में वर्ष 1994-95 का बजट रखा जाना है, ऐसी योजना है और चूंकि देश के सामान्य जनमानस को इसकी जानकारी समाचार-पत्रों से ही होनी है, इसलिए मेरा अनुरोध है कि यह सदन सर्वसम्मति से एक प्रस्ताव पारित कर लोकसभा एवं सरकार से अनुरोध करे कि....

श्री ब्रह्मदेव आनन्द पासवान: कि बजट का दिया जाना एक दिन के लिए स्थगित कर दिया जाए। .....(**व्यवधान**)....

मैडम, अब मैं बिहार के बारे में कहना चाहता हूं। .....(**व्यवधान**)....

उपसभापति: वे बिहार पर बोल रहे हैं। जल्दी बोल दीजिए क्या समस्या है।

श्री ब्रह्मदेव आनन्द पासवान: जल्दी बोल रहा हूं मैडम।

उपसभापति: बोलिए, बोलिए।

Demand for compensation to farmers of Faiuha, Mukama, Barhiya

श्री ब्रह्मदेव आनन्द पासवान (बिहार): फतुहा, मुकामा, बड़हिया एक टाल है। टाल का मतलब होता है कि जहां तीन महीने पानी बना रहता है और यह 10,062 वर्ग किलोमीटर का टाल है और इसमें जितनी फसल होती है, एक ही फसल होती है और इस बार जितनी मसूरी और पूठ हुए थे, सब अनावृष्टि के कारण नष्ट हो गए है। वहां के किसान और मजदूर भूखों मरने की स्थिति में आ गए हैं। इस संबंध में मैंने सरकार से भी मांग की थी, माननीय बलराम जाखड़ जी, कृषि मंत्री से मांग की थी कि वहां के किसानों को मुआवजा दिया जाए, अभी तक इस पर कुछ नहीं सोचा गया है।

मैं आपके माध्यम से सरकार से अनुरोध करता हूं कि अविलम्ब वहां के किसानों को प्रति एकड़ एक हजार रुपया मुआवजा दिया जाए और सरकार अपने कर्त्तव्य को पूरा करे।

THE DEPUTY CHAIRMAN: Now, we are to discuss a Resolution about Kashmir.

Manhandling of Tribals by C.I.S.F. personnels at Antara in U.P.

श्री मोहम्मद अमीन (पश्चिमी बंगाल): मैडम, एक मिनट के लिए।

उपसभापति: आपकी क्या समस्या है?

श्री मोहम्मद अमीन: मेरा समस्या यह है कि उत्तर प्रदेश में सैंट्रल इंडस्ट्रियल सिक्युरिटी फोर्स ने औरतों के ऊपर लाठीचार्ज किया है। मुगल सराय से 200 किलोमीटर की दूरी पर "अंतरा" एक इलाका है, जहां बहुत से कल-कारखाने बने हुए हैं। ये कारखाने जहां बनाए गए वह जमीन आदिवासियों की थी और उनसे सरकार ने इस बात का वायदा किया था कि जो लोग जमीन से बेदखल किए जा रहे हैं, जब कारखाना बन जाएगा, उनमें से हर परिवार के एक-एक आदमी को नौकरी दी जाएगी। यह वायदा आज तक पूरा नहीं हुआ। इसलिए 16 जनवरी को आदिवासी महिलाएं वहां जमा हुई थीं, इसी मांग के लिए। सी०आई०एस०एफ० ने कारखाने से बाहर निकलकर उनको सड़कों पर पीटा, बहुत सी औरतों की बेइज्जती की और वहां राज्य सभा के एक मैम्बर राम प्यारे पनिका, उनकी पत्नी भी जख्मी हुई है।

† انتری محمد امین : میرا سمسیہ
یہ ہے کہ اتر پردیش میں سینٹرل
انڈسٹریل سیکیورٹی فورس نے
عورتوں کے اوپر لاٹھی چارج کیا ہے۔
مغل سرائے سے ۲۰۰ کلو میٹر کی دوری
پر "انترا" ایک علاقہ ہے۔ جہاں
بہت سے کل کارخانے بنے ہوئے ہیں۔
یہ کارخانے جہاں بنائے گئے ہیں۔ وہ
زمین آدی واسیوں کی تھی اور ان
سے سرکار نے اس بات کا وعدہ کیا
تھا۔ کہ جو لوگ زمین سے بے دخل کئے
جا رہے ہیں۔ جب کارخانہ بن جائیگا
ان میں سے ہر ایک پریوار کے ایک
ایک آدمی کو نوکری دی جائیگی۔
وہ وعدہ آج تک پورا نہیں ہوا۔

† Transliteration in Arabic script

اس لئے 16 جنوری کو آدی واسی
مہیلائیں وہاں جمع ہوئی تھیں۔ اسی
مانگ کیلئے ۔۔ سی۔ آئی۔ ایس۔ ایف
نے کارخانے سے باہر نکلکر انکو سڑکوں
پر پیٹا۔ بہت سی عورتوں کی بے عزتی
کی اور وہاں راجیہ سبھا کے ایک
ممبر رام پیارے پنیکا۔ انکی پتنی بھی
زخمی ہوئیں۔]

उपसभापति: राज्य सभा के मेम्बर?

SHRI SATYA PRAKASH MALAVIYA (Uttar Pradesh): Mr. Panika is an ex-Member of the Lok Sabha.

श्री मोहम्मद अमीन: यह इतना भयंकर मामला हुआ है, मैडम, कि शर्म से सिर झुक जाता है। औरतों को पीटा, उनको अस्पताल ले गए और उनको गिरफ्तार किया और इस मामले में कोई फैसला नहीं हुआ।

मेरी यह मांग है कि उनकी मांग बिल्कुल आथज़ है। जिन लोगों को जमीन से बेदखल किया गया है, उनमें से हर परिवार के एक आदमी को नौकरी मिलनी चाहिए और जिन लोगों ने यह लाठीचार्ज किया है उनको सज़ा मिलनी चाहिए।

†[شری محمد امین:۔ یہ اتنا بھینکر
معاملہ ہوا ہے۔ میڈم۔ کہ شرم سے سر
جھک جاتا ہے۔ عورتوں کو پیٹا۔ انکو
اسپتال لے گئے اور انکو گرفتار کیا
اور اس معاملے میں کوئی فیصلہ نہیں
ہوا۔
میری یہ مانگ ہے کہ انکی مانگ
بالکل جائز ہے۔ جن لوگوں کو زمین
سے بے دخل کیا گیا ہے۔ ان میں سے
ہر پریوار کے ایک آدمی کو نوکری ملنی
چاہیئے اور جن لوگوں نے لاٹھی چارج
کیا ہے۔ انکو سزا ملنی چاہیئے۔]

श्री मोहम्मद अफजल उर्फ मीम अफजल (उत्तर प्रदेश): सी०आई०एस०एफ० का सवाल है मैडम। ....**(व्यवधान)**....

†[شری محمد افضل عرف م۔ افضل:۔
سی۔ آئی۔ ایس۔ ایف کا سوال
ہے میڈم ۔۔۔ "مداخلت"۔۔۔]

श्री चतुरानन मिश्र: होम मिनिस्टर से मैं अपील करूंगा कि इसके बारे में वे कुछ कार्रवाई करें। ....**(व्यवधान)**....

उपसभापति: बैठिए, बैठिए। We have to take up the Statutory Resolution.

श्री मोहम्मद अफजल उर्फ मीम अफजल: मैडम, आपकी परमिशन के साथ ....**(व्यवधान)**....

†[شری محمد افضل عرف م۔ افضل:۔
میڈم آپکی پرمیشن کے ساتھ۔۔۔ "مداخلت"]

उपसभापति: मेरी परमिशन नहीं है। We have got very little time today.

आज समय की कमी है इसलिए हमें कश्मीर को चालू करना है। ...**(व्यवधान)**....

श्री मोहम्मद अफजल उर्फ मीम अफजल: मैडम, कश्मीर से पहले पेलेस्टाइन के ....**(व्यवधान)**....

†[شری محمد افضل عرف م۔ افضل:۔
میڈم کشمیر سے پہلے پیلیسٹائن کے۔۔۔ "مداخلت"]

उपसभापति: कश्मीर से पहले कुछ नहीं। ....**(व्यवधान)**....

श्री मोहम्मद अफजल उर्फ मीम अफजल: पेलेस्टाइन के लिए हिन्दुस्तान ने हमेशा आवाज उठाई है। ....**(व्यवधान)**....

†[شری محمد افضل عرف م۔ افضل:۔
پیلیسٹائن کیلئے ہندوستان نے ہمیشہ
آواز اٹھائی ہے۔۔۔ "مداخلت"۔۔۔]

THE DEPUTY CHAIRMAN: Sometimes we have to co-operate. There is a technical problem. We have to extend the President's Rule. Mr. Afzal, every Member who speaks anything in the House, I feel makes the most important contribution. So, I cannot differentiate between you and him or Mr. Meena and somebody else.

SHRI MOHAMMED AFZAL *alias* MEEM AFZAL: Madam.....

THE DEPUTY CHAIRMAN: I know you may be raising something important.

† Transliteration in Arabic script

SHRI MOHAMMED AFZAL *alias* MEEM AFZAL: Madam, it is very important.

अमरीका और इसराइल ने यूनाइटेड नेशन्स के अंदर .....(व्यवधान)....यह कहा है कि इससे दंगा और भड़केगा। ....(व्यवधान)...एक तरफ कश्मीर के अंदर अमरीका ....(व्यवधान)...

उपसभापतिः देखिए, अफज़ल साहब, बैठ जाइए।...(व्यवधान) बैठिए, देखिए आप हमेशा मेरी मरजी के, मेरे पूछे बगैर खड़े हो जाते हैं। चाहे कितना भी जरूरी मसला हो...(व्यवधान) एक मिनट बैठिए आप पहले, बैठ जाइए प्लीज।...(व्यवधान) आप बैठ तो जाइए। देखिए, कोई भी मामला जो होता है ...(व्यवधान) एक मिनट बैठें, आप बैठिए न।

श्री मोहम्मद उर्फ मीम अफज़लः मैडम् एक मिनट में बात कहे देता हूं।

†[شری محمد افضل عرف م۔ افضل: میڈم ایک منٹ میں بات کہہ دیتا ہوں۔]

उपसभापतिः आप बात कह दें, इस तरह से तो कुछ भी कह सकते हैं। मगर कुछ नियम होते हैं।

I have to call the Home Minister to move the Resolution. If you think that the matter is serious, raise it in a proper order, not in disorder. A serious matter has to be raised in a proper order.

SHRI MOHAMMED AFZAL *alias* MEEM AFZAL: It is always raised in the Zero Hour.

THE DEPUTY CHAIRMAN: There is no Zero Hour.

SHRI SUBRAMANIAN SWAMY: Madam, I have a point that needs to be clarified immediately. This House has adopted a resolution on Kashmir earlier, that the inalienable territory called Kashmir is part of India. Now we find from today's *Times of India,* front page, that the Chinese Foreign Minister has announced ..... *(Interruptions)*....

THE MINISTER OF HOME AFFAIRS (SHRI S.B. CHAVAN): He is repeating- the same thing .....*(Interruptions)*....

THE DEPUTY CHAIRMAN: Please. Don't you think, while you are discussing with me....

SHRI SUBRAMANIAN SWAMY: We must know whether Government considers Kashmir a disputed area or not. The Chinese Foreign Minister is announcing that Foreign Secretary level..... *(Interruptions)* .....

THE DEPUTY CHAIRMAN: Let the Home Minister speak. He will mention it..... *(Interruptions)*..... We have got a discussion on Kashmir. How many times shall I repeat it to you? .....*(Interruptions)*... It is on Kashmir only.

श्री मोहम्मद अफज़ल उर्फ मीम अफज़लः मैडम, ...(व्यवधान)...

उपसभापतिः आप बैठिए न, वह कश्मीर से संबंधित है। आप सुना तो करो आपको अपनी आवाज इतनी अच्छी लगती है। बैठ जाइए, बैठ जाइए। ....(व्यवधान)...

SHRI MOHAMMED AFZAL *alias* MEEM AFZAL:

THE DEPUTY CHAIRMAN: It is not going on record.

STATUTORY RESOLUTION SEEKING APPROVAL FOR CONTINUANCE IN FORCE OF ROCLAMATION ISSUED BY THE PRESIDENT ON 18TH JULY, 1990 IN RELATION TO THE STATE OF JAMMU AND KASHMIR

THE MINISTER OF HOME AFFAIRS (SHRI S.B. CHAVAN): Madam, I beg to move the following Resolution:

> "That this House approves the continuance in force of the Proclamation issued by the President on the 18th July, 1990, under article 356 of the Constitution, in relation to the State of Jammu and Kashmir, for a further period of six months with effect from the 3rd March, 1994."

As the House is aware, in view of the then prevailing situation in Jammu & Kashmir, a proclamation under Article 356 of the Constitution in relation to the State of Jammu & Kashmir was issued by the President on the 18th July 1990 on the recommendation of the Governor. Since the law and order and security situation in the State of Jammu &

*Transliteration in Arabic script Not recorded.